स्पीड

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA, UJJAIN (M.P.)

देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) – 456010

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com, Website– www.mpsvv.ac.in

क्र./पासंवि/गोप/22/936 उज्जैन, दिनांक: 04/01/2022

अधिसूचना

यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर आचार्य परीक्षा (शुक्लयजुर्वेद, नव्यव्याकरण, साहित्य, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, न्यायदर्शन, अद्वैतवेदान्तदर्शन) तथा एम.ए. परीक्षा (संस्कृत, योग, ज्योतिर्विज्ञान, वास्तु) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए मुख्य तथा एटीकेटी परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2022 में वृद्धि करते हुए 10 जनवरी 2022 निश्चित की जाती है। उसके पश्चात विलम्ब शुल्क रू 500/– सहित परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2022 निश्चित की गई है। परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpsvv.ac.in पर ऑनलाइन भरना है। ऑफलाइन परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगें।

सभी महाविद्यालय छात्रों को उक्त तिथि से अवगत कराते हुए सेमेस्टर परीक्षाओं के आवेदन पत्र समयानुसार ऑनलाइन भरवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रत्येक परीक्षार्थी को ऑनलाइन पोर्टल शुल्क 272 रूपये परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त देय होगा। प्रत्येक परीक्षार्थी द्वारा केन्द्र शुल्क 150 रूपये (नियमित तथा स्वाध्यायी छात्रों को) तथा अग्रेषण शुल्क 150 रूपये (केवल स्वाध्यायी छात्रों को) सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों में पृथक से देय होंगें।

(हस्ताक्षर) 4/1/22

कुलसचिव

क्र./पासंवि/गोप/22/937 उज्जैन, दिनांक: 04/01/2022

प्रतिलिपि–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन मंत्रालय, भोपाल (म.प्र)
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र)
3. संकायाध्यक्ष समस्त महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन।
4. निज सहायक कुलपति/ कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन
5. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन।
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन
7. वित्त अधिकारी, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन
8. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, परीक्षा एवं गोपनीय महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन
9. डॉ. संकल्प मिश्र (आई. टी. सेल प्रभारी) की ओंर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
10. श्रीमान सम्पादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार.. की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त सूचना की जानकारी आपके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में समाचार वृत्त के रूप में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(हस्ताक्षर) 4/1/22

कुलसचिव